# SHRAMODAYA MODEL

## INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE




## MUGALIYA CHHAP, NEELBAD, BHOPAL

Ph. No. 9424454453, 9826947798 Web. :www.shramodayamodeliti.com

# पाठ्यक्रम COURSES

| Name of Course | Duration | Type | Eligibility | Seat |
|---|---|---|---|---|
| Electrician | Two Years | Engineering | 10th Pass | 20 |
| Civil Engineering Assistant | Two Years | Engineering | 10th Pass | 24 |
| Technician Mechatronics | Two Years | Engineering | 10th Pass | 24 |
| Advanced CNC Machining Technician | Two Years | Engineering | 10th Pass | 24 |
| Welder | One Year | Engineering | 8th Pass | 20 |
| Interior Design & Decoration | One Year | Engineering | 10th Pass | 24 |
| IoT Technician (Smart City) | One Year | Non – Engg. | 10th Pass | 24 |
| Fashion Design & Technology | One Year | Non – Engg. | 10th Pass | 20 |
| | | | Total Seats | 180 |

# श्रमोदय मॉडल आई. टी. आई. भोपाल

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

CRISP

Industrial Training Institute

Directorate General of Training

श्रमोदय आदर्श आई. टी. आई. भोपाल में सत्र 2025 में ऑनलाइन प्रवेश हेतु

पंजीकरण (Regisration) के लिए ट्यूटोरियल


# महत्वपूर्ण निर्देश

- श्रमोदय आदर्श आई. टी. आई. भोपाल में प्रवेश के लिए आवेदक अथवा उसके माता पिता का पंजीयन म. प्र. भवन एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पोर्टल पर वैध होना अनिवार्य है।
- पंजीकरण से पहले कृपया विवर्णिका 2025 के महत्वपूर्ण निर्देश पढ़ें।
- पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू करने से पहले अपने समस्त प्रमाणपत्र अपने साथ रखें तथा प्रमाणपत्र के अनुसार ही अपना विवरण भरें।
- आवेदक कृपया अपना नाम , माता / पिता का नाम , जन्म तिथि अपने 10वीं की अंकसूची से मिलान करके ही दर्ज करें | ।
- एक मोबाइल नंबर या EMAIL ID से एक बार ही रजिस्ट्रेशन होगा ।
- पंजीकरण पूरा करने के बाद अपना पंजीकरण संख्या नोट कर लें तथा पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें।
- अपनी श्रेणी तथा उप श्रेणी का चयन अपने प्रमाणपत्र के अनुसार ही करें।
- फोटो सफेद बैकग्राउंड के साथ रंगीन होनी चाहिए तथा स्कैन की गई छवि की फाइल का आकार 15KB से 100KB के बीच का होना चाहिए ।
- हस्ताक्षर श्वेत पत्र में काले स्केच पेन से होना चाहिए तथा स्कैन की गई छवि का आकार 50KB से अधिक नहीं होना चाहिए।
- फोटो एवं हस्ताक्षर केवल जेपीजी/जेपीईजी फाइल प्रारूप में अपलोड करें।
- पंजीकरण पेज पर "ट्रेड सिलेक्शन क्लास" का चयन ध्यानपूर्वक करें । अगर आप "8वीं के आधार पर" विकल्प का चयन करते हैं तो आप केवल 8वीं कक्षा के लिए उपयुक्त ट्रेड का चयन कर पाएंगे । अगर आप "10वीं के आधार पर" विकल्प का चयन करते हैं तो आप केवल 10वीं कक्षा के लिए उपयुक्त ट्रेड का चयन कर पाएंगे । अगर आप "8वीं और 10वीं दोनों के आधार पर" विकल्प का चयन करते हैं तो आप 8वीं और 10वीं दोनों कक्षा के लिए उपयुक्त ट्रेड का चयन कर पाएंगे।


**श्रमोदय मॉडल आई. टी. आई. भोपाल में संचालित एनसीवीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अभ्यार्थी को कौशल विकास संचालनालय/ मध्य प्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड की वेबसाइट HTTPS://WWW.DSD.MP.GOV.IN/ पर जाना है। प्रवेश टैब के अंतर्गत प्रवेश-रजिस्ट्रेशन-2025 पर क्लिक करना है ।**




प्रवेश-रजिस्ट्रेशन-2025 क्लिक करने पर होम पेज खुलेगा जहां अभ्यार्थी को "रजिस्टर करें" बटन पर क्लिक करना है ।




"रजिस्टर करें" बटन पर क्लिक करने पर रजिस्ट्रेशन पेज खुलेगा जहां अभ्यार्थी को 10वीं  की अंकसूची अनुसार अपना नाम, अपने पिता का नाम और अपनी माता का नाम दर्ज करना है। उसके बाद अपनी जन्म की तारीख दिए गए कैलेंडर से चुनना है। फिर अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी दिए गए बॉक्स में दर्ज कर "ओटीपी भेजें" बटन पर क्लिक करना है। ओटीपी आपके मोबाइल पर प्राप्त हो जायेगा जिसे दिए गए बॉक्स में दर्ज कर "सबमिट" बटन पर क्लिक करना है।




**"सबमिट" बटन पर क्लिक करने पर आपको सूचना प्राप्त होगी, जिसमें आपको बताया जाएगा की आपका पंजीकरण सफलतापूर्वक कर लिया गया है साथ ही आपका पंजीकरण संख्या और पासवर्ड दर्शाया जाएगा । आपको अपना पंजीकरण संख्या और पासवर्ड नोट कर लेना है । इसी पंजीकरण संख्या और पासवर्ड से आप भविष्य में लॉगिन कर आगे की प्रक्रिया कर पाएंगे । आपका पंजीकरण संख्या और पासवर्ड आपको ईमेल और SMS के माध्यम से भी प्राप्त होगा । समस्त जानकारी ध्यानपूर्वक पढ़ कर "पुष्टि करें" बटन पर क्लिक करना है ।**




पंजीकरण पेज के "पुष्टि करें" बटन पर क्लिक करने पर डैशबोर्ड पेज खुल जाएगा जहां पर आपको "पंजीकरण पूरा करें" बटन पर क्लिक करना है।




"पंजीकरण पूरा करें" बटन पर क्लिक करने पर एक नया पेज खुलेगा जहां अन्य विवरण भरना है। अगर आप SC , ST , OBC या EWS केटेगरी का चयन करते है तो चयन किये गए केटेगरी का सर्टिफिकेट नंबर और सर्टिफिकेट जारी करने का तिथि दर्ज करने के बाद वेरीफाई सर्टिफिकेट बटन पर क्लिक करना है ।




केटेगरी सर्टिफिकेट वेरीफाई होने के बाद आपको केटेगरी वेरीफाई का मेसेज दिख जायेगा l उसके बाद समस्त अनिवार्य "अन्य विवरण" तथा "क्या आप पंजीकृत असंगठित कर्मकार के पुत्र/पुत्री है?" कॉलम में "**Yes**" सेलेक्ट करके मध्य प्रदेश भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल का वैध पंजीयन (**पोर्टल कोड**) भरने के बाद "डेटा सुरक्षित करें" बटन पर क्लिक करना हैं l




"डेटा सुरक्षित करें" बटन पर क्लिक करने पर आपसे पुष्टि करने को कहा जाएगा जहाँ "YES" बटन पर क्लिक करना है।



**"YES" बटन पर क्लिक करने पर पंजीकरण पूरा हो जाएगा और डैशबोर्ड पेज दोबारा खुल जाएगा । अब आपको अगले चरण में शैक्षणिक योग्यता दर्ज करना है, इसके लिए आपको डैशबोर्ड पेज पर "शैक्षणिक योग्यता" बटन पर क्लिक करना पड़ेगा ।**



"रजिस्ट्रेशन पेज पर चुने गए उच्चतम योग्यता के अनुसार समस्त जानकारी भर कर "सेव करें" बटन पर क्लिक करना है ।


कौशलम MPSSDEGB

A PRAKASH

Dashboard
Registration पंजीकरण
Educational Qualification शैक्षणिक योग्यता
Image Upload फोटो अपलोड
Pay Registration Fee पंजीकरण शुल्क
Print Application Form आवेदन पत्र प्रिंट करें

Educational Qualification (शैक्षणिक योग्यता)

Trade Selection Class. * आप किस कक्षा के आधार आई टी आई में प्रवेश के इच्छुक है ? — 10th-10वीं के आधार पर


Highest Qualification * उच्चतम योग्यता — 10+2 - 10वीं और 12वीं

| Education शिक्षा | Board Name बोर्ड का नाम | Roll Number अनुक्रमांक | Passing Year उत्तीर्ण वर्ष | Number System अंक प्रणाली | CGPA/Grade सी जी पी ए / ग्रेड | Marks Obtained प्राप्तांक | Maximum Marks पूर्णांक | Percentage प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8th-8वीं | MP Board | 12345 | 2018 | Percer | | 567 | 800 | 70.88 |
| 10th-10वीं | MP Board | 45678 | 2020 | Percer | | 765 | 1000 | 76.50 |
| 10+2 - 10वीं और 12वीं | Others<br>BIHAR BOARD | 34567 | 2022 | Percer | | 564 | 800 | 70.50 |

SAVE (सेव करें)

यहाँ क्लिक करें

"सेव करें" बटन पर क्लिक करने पर शैक्षणिक योग्यता दर्ज करने का कार्य पूरा हो जाएगा और डैशबोर्ड पेज दोबारा खुल जाएगा । अब आपको अगले चरण में अपना फोटो अपलोड करना है, इसके लिए आपको डैशबोर्ड पेज पर "फोटो अपलोड" बटन पर क्लिक करना है ।




**"फोटो अपलोड" बटन पर क्लिक करने पर एक नया पेज खुलेगा जिसमे दिए गए निर्देश के अनुसार “अपलोड फोटो” बटन पर क्लिक कर के अपना फोटो और हस्ताक्षर का चयन करना है और फिर "फोटो अपलोड करें" बटन पर क्लिक करना है ।**

**फोटो का चयन करने के लिए यहाँ क्लिक करें**




**अपलोड करने के लिए यहाँ क्लिक करें**

**"फोटो अपलोड करें" बटन पर क्लिक करने के बाद आपका फोटो अपलोड हो जायेगा और आप पेमेंट पेज पर चले जायेंगे जहां पर आपको घोषणा चेक बॉक्स पर टिक कर के "भुगतान के लिए आगे बढ़ें" बटन पर क्लिक करना है ।**



कौशलम MPSSDEGB

RAM KUMAR

- Dashboard
- ✓ Registration पंजीकरण
- ✓ Educational Qualification शैक्षणिक योग्यता
- ✓ Image Upload फोटो अपलोड
- ✕ Pay Registration Fee पंजीकरण शुल्क
- ✕ Print Application Form आवेदन पत्र प्रिंट करें

## Payment

**Candidate Details (उम्मीदवार का विवरण)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Registration No. (पंजीकरण नंबर)** | 100082 | **Candidate Name (आवेदक का नाम)** | RAM KUMAR राम कुमार |
| **Father's Name (पिता का नाम)** | S KUMAR एस कुमार | **Mother's Name (माता का नाम)** | R DEVI आर देवी |
| **Date of Birth (जन्म तिथि)** | 01/01/2000 | **Mobile No.** | 9999999999 |
| **Email ID (उप श्रेणी)** | abcd@gmail.com | | |


☐ I declare that the information provided in this application is true and correct to the best of my knowledge and belief. I understand that I am being permitted to take the participation in counselling provisionally subject to meeting the minimum prescribed eligibility conditions and verification of documents before admission. If I qualify I will be required to provide additional information and documents. I understand that I am taking the participation in online counselling at my own risk and cost with the understanding that if I do not fulfil the minimum eligibility requirements, the admission, if granted, shall be cancelled automatically.
मैं घोषणा करता हूं कि इस आवेदन में दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य और सही है। मैं समझता हूं कि प्रवेश से पहले न्यूनतम निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने और दस्तावेजों के सत्यापन के अधीन मुझे अनंतिम रूप से काउंसलिंग में भाग लेने की अनुमति दी जा रही है।यदि मैं प्रवेश प्राप्त करता हूं तो मुझे अतिरिक्त जानकारी और दस्तावेज देने होंगे। मैं समझता हूं कि मैं इस समझ के साथ अपने जोखिम और लागत पर ऑनलाइन काउंसलिंग में भाग ले रहा हूं कि अगर मैं न्यूनतम पात्रता आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता हूं, तो प्रवेश, यदि प्रदान किया जाता है, तो स्वतः ही रद्द कर दिया जाएगा।

Proceed With Payment(भुगतान के लिए आगे बढ़ें)

यहाँ क्लिक करें


Copyright © MP ITI Admission

"भुगतान के लिए आगे बढ़ें" बटन पर क्लिक करते ही आप पेमेंट गेटवे पेज पर चले जायेंगे जहां पर आपको अपने सुविधा के अनुसार क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग या UPI विकल्प का चयन कर टर्म एंड कंडीशन चेक बॉक्स पर टिक करना है और "PAYMENT NOW" बटन पर क्लिक कर भुगतान की प्रक्रिया को पूरा करना है।





यहाँ क्लिक करें


भुगतान की प्रक्रिया पूरा होते ही आप अपने डैशबोर्ड पेज पर चले जायेंगे और "आवेदन पत्र प्रिंट करें" बटन पर क्लिक कर अपने आवदेन पत्र का प्रिंट ले सकते हैं।



इच्छित संस्थाओं तथा व्यवसायों की प्राथमिकता क्रम का चयन करने से पहले आपको ऑनलाइन पेमेंट द्वारा पोर्टल शुल्क का भुगतान करना पड़ेगा । इसके लिए आपको डैशबोर्ड पेज के बाएं तरफ आई टी आई और ट्रेड चयन भुगतान बटन पर क्लिक करना है ।



**"आई टी आई और ट्रेड चयन भुगतान" बटन पर क्लिक करने के बाद आप पेमेंट पेज पर चले जायेंगे जहां पर आपको घोषणा चेक बॉक्स पर टिक कर के "भुगतान के लिए आगे बढ़ें" बटन पर क्लिक करना है ।**



Dashboard
✓ Registration पंजीकरण
✓ Educational Qualification शैक्षणिक योग्यता
✓ Image Upload फोटो अपलोड
✓ Pay Registration Fee पंजीकरण शुल्क
✓ Print Application Form आवेदन पत्र प्रिंट करें
✗ Pay Choice Filling Fee आई टी आई और ट्रेड चयन भुगतान
✗ Choice Filling आई टी आई और ट्रेड चयन
✗ Print Updated Form अद्यतन आवेदन पत्र का प्रिंट

Payment

Candidate Details (उम्मीदवार का विवरण)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Registration No. (पंजीकरण नंबर) | 2300000123 | Candidate Name (आवेदक का नाम) | SANJU संजू |
| Father's Name (पिता का नाम) | BABU बाबू | Mother's Name (माता का नाम) | GEETA गीता |
| Date of Birth (जन्म तिथि) | 10/04/1997 | Mobile No. | 9999999999 |
| Email ID (उप श्रेणी) | abc1 @gmail.com | | |

☑ I declare that the information provided in this application is true and correct to the best of my knowledge and belief. I understand that I am being permitted to take the participation in counselling provisionally subject to meeting the minimum prescribed eligibility conditions and verification of documents before admission. If I qualify I will be required to provide additional information and documents. I understand that I am taking the participation in online counselling at my own risk and cost with the understanding that if I do not fulfil the minimum eligibility requirements, the admission, if granted, shall be cancelled automatically.


मैं घोषणा करता हूं कि इस आवेदन में दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य और सही है। मैं समझता हूं कि प्रवेश से पहले न्यूनतम निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने और दस्तावेजों के सत्यापन के अधीन मुझे अनंतिम रूप से काउंसलिंग में भाग लेने की अनुमति दी जा रही है।यदि मैं प्रवेश प्राप्त करता हूं तो मुझे अतिरिक्त जानकारी और दस्तावेज देने होंगे। मैं समझता हूं कि मैं इस समझ के साथ अपने जोखिम और लागत पर ऑनलाइन काउंसलिंग में भाग ले रहा हूं कि अगर मैं न्यूनतम पात्रता आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता हूं, तो प्रवेश, यदि प्रदान किया जाता है, तो स्वतः ही रद्द कर दिया जाएगा।

Proceed With Payment(भुगतान के लिए आगे बढ़ें)



Copyright © MP ITI Admission


"भुगतान के लिए आगे बढ़ें" बटन पर क्लिक करते ही आप पेमेंट गेटवे पेज पर चले जायेंगे जहां पर आपको अपने सुविधा के अनुसार क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग या UPI विकल्प का चयन कर टर्म एंड कंडीशन चेक बॉक्स पर टिक करना है और “PAYMENT NOW” बटन पर क्लिक कर भुगतान की प्रक्रिया को पूरा करना है।




**भुगतान की प्रक्रिया पूरा होते ही आप अपने डैशबोर्ड पेज पर चले जायेंगे। अब इच्छित संस्थाओं तथा व्यवसायों की प्राथमिकता क्रम का चयन करने के लिए डैशबोर्ड पेज पर बाएं तरफ दिए गए "आई टी आई और ट्रेड चयन" बटन पर क्लिक करना है ।**




"आई टी आई और ट्रेड चयन" बटन पर क्लिक करने पर CHOICE फिलिंग के लिए पेज खुलेगा I इस पेज पर आपको आपको श्रमोदय आदर्श आई टी आई भोपाल में प्रवेश के लिए जिले में **"BHOPAL"** तथा **"PRIVATE"** या **"BOTH"** विकल्प का चयन कर **"SEARCH"** बटन पर क्लिक करना है I तो आपको श्रमोदय मॉडल आई टी आई में उपलब्ध ट्रेड की लिस्ट दिखेगी अब आपको जिस भी ट्रेड का चयन करना है उसके आगे दिए गये **"ADD"** बटन पर क्लिक करना है I




"ADD " बटन पर क्लिक करते ही आपके इच्छित संस्था का ट्रेड ऐड हो के दाहिने तरफ के कॉलम में आ जायेगा। इसी तरह "ADD " बटन पर क्लिक कर और भी इच्छित संस्थाओं के ट्रेड का चयन कर सकते है। चयन किये गए संस्थाओं के ट्रेड की PRIORITY को ऊपर या नीचे करने के लिए आप "MOVE " बटन का प्रयोग कर सकते है। अगर आपको किसी ट्रेड की PRIORITY को ऊपर करना है तो △ बटन पर क्लिक कर ऊपर कर सकते है और अगर किसी ट्रेड की PRIORITY को नीचे करना है तो ▽ बटन पर क्लिक कर नीचे कर सकते है। अगर किसी ADD किये गए ट्रेड को हटाना है तो REMOVE बटन पर क्लिक कर हटाया जा सकता है।




**सारे इच्छित संस्थाओं के ट्रेड ऐड करने के बाद "LOCK CHOICE" बटन पर क्लिक करना है । "LOCK CHOICE" बटन पर क्लिक करने के बाद आपसे पुष्टि करने को पूछा जायेगा जहां आपको "YES PROCESS IT" बटन पर क्लिक करना है । एक बार लॉक करने के बाद आप अपने चयन में किसी प्रकार का कोई भी बदलाव नहीं कर पाएंगे ।**



"YES PROCESS IT " बटन पर क्लिक करने के बाद आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक OTP भेजा जायेगा। OTP दर्ज करने के बाद आपको "LOCK CHOICE " बटन पर क्लिक करना है ।



**"LOCK CHOICE " बटन क्लिक करने पर आपका ट्रेड चयन की प्रक्रिया पूरा हो जायेगा और आप अपने डैशबोर्ड पेज पर चले जायेंगे जहाँ आप "PRINT UPDATED FORM" बटन पर क्लिक कर अपने अद्यतन आवेदन पत्र का प्रिंट ले सकते हैं।**



# ----धन्यवाद----

काउन्सलिंग से संबंधित

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :-

फोन नं. :+91 9220407724

+91 9220407725

+91 9220407726

EMAIL ID : mpiticounseling2025@gmail.com

श्रमोदय आदर्श आई. टी. आई. से संबंधित जानकारी के लिए संपर्क करें :-

फ़ोन नं. : 9826947798

9424454453

EMAIL ID:
principaliti@shramodayamodeliti.com